


# नांदगांव टाइम्स



बुधवार, 04 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 141, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# होली है तो खेलो रंग, दिल खोलो और छोड़ो तनाव


ख़बरनवीस रंगीलाल पुरुषू जी

## बुरा ना मानो, होली है!















### अवकाश सूचना




दैनिक नांदगांव टाइम्स की ओर से होली पर्व पर समस्त विज्ञापनदाताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

इस अवसर पर दैनिक नांदगांव टाइम्स के कार्यालय में 04 मार्च को अवकाश रहने के कारण अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।

आज का अंक हमारे संवाददाता और संपादक ने भंग के तरंग में लिखा है अब पाठकों को यह तय करना है कि कौन सा समाचार होली समाचार है और कौन सा वास्तविक यह पाठक ही बता पाएंगे।

- प्रबंध संपादक

## राजनीति में 'रमन' का नया रंग, ठाठापुर में मचेगी उमंग!

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** होली की खुमार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के गलियारों में एक ऐसी चर्चा ने जोर पकड़ा है, जिसने सियासी और ग्रामीण हलकों में गुलाल उड़ा दिया है। खबर है कि प्रदेश की राजनीति के 'चाऊर वाले बाबा' और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपनी लंबी राजनीतिक पारी के बाद अब ग्रासरूट लेवल पर 'बैटिंग' करने की तैयारी में हैं।

सूत्रों के मुताबिक, डॉ. साहब ने मन बना लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद वह ठाठापुर के सरपंच पद की कमान संभालेंगे।

**प्रमुख आकर्षण:** सचिवालय से पंचायत तक: कहाँ राजधानी का भव्य



विधानसभा भवन और कहाँ ठाठापुर की चौपाल! चर्चा है कि डॉ. रमन अब 'स्पीकर' की गद्दी छोड़कर गांव की 'बरगद वाली बैठक' में पंचायत करेंगे।

*** चाऊर वाले बाबा का नया**



**अवतार:** ग्रामीण कह रहे हैं, अब तो गांव में ही मंत्रालय खुलेगा और चाऊर (चावल) की बोरियां सीधे ठाठापुर के आंगन में उतरेंगी।

**विपक्ष की चुटकी:** इस खबर पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का कहना है कि डॉक्टर साहब को अब विधानसभा चलाने से ज्यादा मजा पंचों के विवाद सुलझाने में आएगा। राजनीति में असली मजा तो गांव की धूल और मिट्टी में है। विधानसभा में तो बस बटन दबाते थे, अब गांव की गलियों में विकास की पिचकारी चलाएंगे।

**वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख का बयान**

जैसा कि आप जानते हैं, इस साल होली 4 मार्च को मनाई जा रही है। ठाठापुर के ग्रामीणों ने अभी से गुलाल और नगाड़े तैयार कर लिए हैं। खबर यह भी है कि इस बार ठाठापुर की होली में 'सरपंच डॉ. रमन' के स्वागत में खास 'रमन गुलाल' उड़ेगा।

## प्रेम और सद्भाव के रंगों से सराबोर हो होली : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की है कि यह उल्लास, उमंग और आत्मीयता का महापर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को सशक्त बनाने का अवसर है। यह पर्व समाज में समरसता, सद्भाव और एकता की भावना को प्रगाढ़ करता है तथा हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली का विशेष महत्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और वैमनस्य पर प्रेम की प्रधानता का संदेश देता है। होली के रंग हमें स्मरण कराते हैं कि विविधताओं से परिपूर्ण हमारे समाज की वास्तविक शक्ति परस्पर विश्वास, अपनत्व और सामूहिक सहयोग में निहित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को हर्षोल्लास, संयम और पारंपरिक मर्यादाओं के साथ मनाएँ। प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें तथा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के साथ भी इस उत्सव की खुशियाँ साझा करें।



## बेदखल की नोटिस पर भड़के वार्डवासी, दी आत्मदाह की चेतावनी

### रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र के रमन नगर को उजाड़ने में लगे महापौर मधुसूदन यादव



**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में रमन नगरवासी पहुंचे निगम व कलेक्टोरेट**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम प्रशासन द्वारा रमन नगर बांसपाई पारा वार्ड 39 के निवासरत लोगों को बेदखल करने की नोटिस जारी किया जिस पर आक्रोशित लोगों ने मंगलवार 3 मार्च को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में नगर निगम का घेराव कर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा एवं पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर जितेन्द्र यादव को सौंपकर नहीं हटाने की मांग रखी।

जानकारी देते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि नगर निगम के नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा नोटिस जारी कर रमन नगर बांसपाईपारा निवासियों को घर से बेदखल की नोटिस क्रमांक 1425/पी.एम.ए.वाय. /2025-26 दिनांक 20.02.2026 एवं क्रमांक 1442/पी.एम.ए.वाय./2025-26 दिनांक 02.03.2026 नोटिस जारी किया गया है। जबकि ये लोग लगभग 40 वर्षों से यहां पर निवासरत है और नगर निगम द्वारा विभिन्न मदों से सीमेंट कांक्रीट रोड, नाला निर्माण, पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है नगर निगम द्वारा स्वच्छता कर, जलकर एवं अन्य जो भी कर है नगर निगम में पटाया जाता है और बिजली व्यवस्था भी यहां दी गई है, बिजली बिल भी पटाया जाता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र के रमन नगर को खुद भाजपा के महापौर मधुसूदन यादव उजाड़ने में लगे है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि निवासरत लोग झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में आते है और इन लोगों को सरकार द्वारा लगातार झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र के योजनाओं की सुविधाएं दी जाती रही है। निवासरत जमीनों का पट्टा देकर आवास योजना की सुविधा भी इसी जगह आपको दी जाएगी कहाकर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा है। वहीं नोडल अधिकारी द्वारा दिए नोटिस में बलपूर्वक हटाने की धमकी भी है यदि इस तरह हटाने का कार्य किया जाएगा तो इन गरीब लोग आत्मदाह के लिए मजबूर होना पड़ सकता और इन लोगों के आत्मदाह के लिए बाल-बच्चों की समस्त जवाबदेही निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन होंगी।


ये लोग रोजी-मजदूरी करके अपना जीवन यापन करने वाले लोग है। निगम प्रशासन द्वारा पुरूषों की गैरमौजूदगी में महिलाओं व बच्चों को डरा-धमकाकर नोटिस देकर पावती ले ली है। पहले डरा-धमकाया गया और फिर नोटिस देते समय नोटिस देने वालों ने वीडियो भी बनाया है। हम प्रशासन से मांग करते है कि इन गरीबों को यहां नही हटाया जाये और दिए गए आश्वासन के अनुरूप इन गरीबों को पट्टे प्रदाय कर प्रधानमंत्री आवास की सुविधा भी दी जाये। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद मनीष साहू, ऋषि शास्त्री, शरद पटेल, दुर्गेश ढीमर, छेदीलाल देवांगन, महावीर ढीमर, गंगा रजक, शांतिबाई निषाद, आरती देवांगन, सत्यभामा, लता, सुशीला, रम्बा ढीमर, सविता ढीमर, सुतानी, शेखर यादव, त्रिवेणी बाई, माल्ती, सरस्वती ढीमर, उर्वशी ढीमर, निर्मला, मथुरा ढीमर, रूपेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



**अशोक लोहिया**
उत्सव संयोजक जी कार्यक्रम कम नहीं, रंगो की व्यवस्था पक्की



**लक्ष्मण लोहिया**
पहले रंग लगाएंगे फिर बताएंगे - सूत्रों के हवाले से!



सेल्फी समाजसेवी सेवा भी
और एक परफेक्ट फोटो भी



# गर्मी में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नगर पंचायत एक्शन में, प्रभावित वार्डो में कराया जा रहा है बोरखनन

## नगर अध्यक्ष ने जल विभाग के कर्मचारियो के साथ बैठक कर गर्मी में पानी की समस्या से निपटने के लिए बनाई कार्ययोजना

**मनोज यादव**

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** गर्मी में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नगरीय निकाय ने प्रभावित वार्डो में फरवरी महिने से काम करना शुरू कर दिया है। गुरूवार को नगर पंचायत ने नगर के वार्ड क्रमांक एक व दो मेरेंगाव बस्ती में दो स्थानो में बोर खनन कराया। बताया जाता है की संबधित वार्डो में बोर खनन कर इसे सीधे पेयजल आपूर्ती की जाने वाली पाईप लाईन से जोडा जाएगा। जिससे लोगो को गर्मी में आसानी से पेयजल की सुविधा प्राप्त हो सके।

**मेरेंगाव बस्ती में पानी के लिए मारामारी**

ड्राई एरिया होने के कारण मेरेंगांव बस्ती वार्ड एक व दो में पूरे वर्ष भर यंहा के निवासियो को पेयजल के लिए काफी परेशानियो का सामना करना पडता है। यंहा पर बारिश एवं ठंड में भी टैंकरो के माध्यम से पेयजल आपूर्ती की जा रही है। गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मेरेंगाव बस्ती में बरगद पेड के समीप मुख्य मार्ग एवं बालक उमाशा के सामने केशला रोड में बोर खनन कराया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद खेदीबाई अमिला एवं सुरेश नेताम, विनोद डेहरिया उपस्थित थे। बताया जाता है की नगरीय निकाय इन दोनो स्थानो पर बोर करा कर इसे सीधे पाईप लाईन से जोडने के लिए कार्य कर रही है। पार्षदों ने बताया की मेरेंगांव बस्ती में पानी की भारी किल्लत है। पीएचई द्वारा समूह जल सयंत्र योजना से मेरेंगांव के पानी टंकी में पानी नही दिए जाने के कारण यहां पर प्रतिदिन टैंकरो के माध्यम से नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ती की जाती है। लेकिन टैंकर आने का समय निर्धारित नही होने के कारण लोगो को पीने के पानी के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पडता है।

**गर्मी में पेयजल समस्या से निपटने बनाई कार्ययोजना**

गर्मी में नगर पंचायत के सभी वार्डो में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने जल



विभाग के कर्मचारियो की साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर के सभी पंप आपरेटरो एवं जल विभाग के कर्मचारियो के साथ दो घंटे बैठक कर पेयजल से प्रभावित वार्डो एवं मोहल्लो तथा बस्तियो की जानकारी प्राप्त की तथा जल विभाग के कर्मचारियो व आपरेटरो से ही समस्या के निरकारण के लिए सुझाव भी लिया। नगर अध्यक्ष ने समस्या के निराकरण के लिए अभी से ही जल विभाग से जुडी सामग्री र्प्याप्त मात्रा में खरीदने तथा स्टाक में रखे हुए पुराने पंपो का मरम्मत कराने तथा जरूरत पडने पर नए पंपो की खरीदी के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में पीएचई के एसडीओ श्री धुर्वे, सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर सिह ठाकुर, जल विभाग प्रभारी निजाम साय पटेल सहित नगर के सभी पंप आपरेटर एवं जल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

**पीएचई से मेरेंगांव टंकी में पानी देने की मांग**

ब्लाक के आर्सेनिक प्रभावित 25 ग्रामो में पीएचई द्वारा नगर से शुद्ध पेयजल आपूर्ती की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की मेरेंगाव सूखाग्रस्त एरिया होने के कारण यंहा की पानी टंकी को सीधे बोर से भरा नही जा सकता है। इसलिए विशेषकर हड्डी गोदाम एवं गौठान मेरेंगाव की टंकी में पानी देने की मांग उन्होने पीएचई से की है। नगर अध्यक्ष ने बताया की यदि हमे दो टंकीयो में पीएचई के डब्लूटीपी प्लांट से पानी मिल जाता है तो मेरेंगांव में हो रही पानी की किल्लत को दूर किया जा सकता है। नगर अध्यक्ष ने मार्च से जून महिने तक कम से कम तीन चार माह मेरेगांव की टंकियों में पानी देने की मांग पीएचई से की है। पीएचई के एसडीओ श्री धुर्वे ने नगर अध्यक्ष को आश्वस्त किया की उनके द्वारा गर्मी में इन टंकियो में पेयजल आपूर्ती के लिए दोनो समय पानी दी जाएगी।

**कान्हे सहित अन्य कई वार्डो में पेयजल के लिए मारामारी**

मेरेंगाव ही नही नगर में कान्हे बस्ती सहित अन्य कई वार्ड में अभी से लोगो को पेयजल के लिए किल्लत का सामना करना पड रहा है। जानकारी के अनुसार नया बस स्टैन्ड, कब्रस्तान, चीरघर तरफ की आउटर कालोनिया, क्रिकेट मैदान, गायत्री मंदिर कालोनी, शहीद भगत सिंह वार्ड, परमेश्वरी नगर सहित अन्य कई इलाको में नगरवासियो को गर्मी शुरू होने से पहले ही पानी की समस्याओ से जुझना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने बताया की प्रभावित वार्डो मे पेयजल समस्या के निराकरण के लिए निकाय ने काम करना शुरू कर दिया है।

# वार्ड 6 एवं 11 में बनेगा नया आगनंबाडी केन्द्र भवन, नगर पंचायत अध्यक्ष ने दो स्थानो में आगनंबाड़ी निर्माण के लिए किया भूमिहीन

**मनोज यादव**

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 कान्हे नगर एवं वार्ड क्रमांक 11 पटेल पारा में 25 लाख की लागत से दो आगनंबाडी केन्द्र भवन का निर्माण होगा। इन दोनो स्थानो में आगंनबाडी केन्द्र भवन बन जाने से यंहा के सैकडो बच्चो को लाभ प्राप्त होगा। गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिती में इन वार्डो के पार्षद एवं वार्डवासियो ने निर्माण कार्य के लिए भूमीपूजन किया। वार्ड क्रमांक 6 कान्हे नगर एवं पटेल पारा वार्ड 11 के निवासियो द्वारा वर्षो से नए आगनबाडी केन्द्र भवन की मांग की जा रही थी। वर्तमान में दोनो स्थानो में आगनबाडी केन्द्र किराए के मकान में संचालित हो रही थी। जिससे आगनबाडी केन्द्र के कार्यकर्ता व सहायिका के अलावा इस केन्द्र में पढने वाले बच्चो को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा था। किराए का मकान छोटा होने से आगनबाडी केन्द्र के संचालन में



संबधित विभाग एवं कर्मचारियो को भी काफी परेशानियो का सामना करना पडता था। नए आगनबाडी भवन बन जाने से यंहा पर विभाग के अलावा बच्चो को भी सुविधाए प्राप्त होगी। नगर पंचायत की नई परिषद ने नगर में कामकाज संभालते ही इन दोनो स्थान पर आगनबाडी केन्द्र हेतु शासकीय भवन निर्माण के लिए कार्य कर रही थी। पिछले दिनो राज्य शासन ने दोनो स्थान में आगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण के लिए बारह बारह लाख की मंजूरी दी थी। शासन से स्वीकृती मिलते ही नगरीय निकाय ने आगनबाडी केन्द्र निर्माण के लिए टेंडर लगाया गया था। टेडर की समस्त प्रक्रियाए पूर्ण होने के बाद गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कान्हे नगर एवं पटेल पारा स्थित वार्ड 6 व 11 में आगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण के लिए आधार शिला रखी। इस अवसर पर आगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण के लिए पार्षद विनोद डेहरिया एवं पार्षद कविता यादव ने भूमीपूजन किया। भूमीपूजन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक महेश यादव, प्रशांत शर्मा, बंटी यादव, उपयंत्री योगेश्वर सिह ठाकुर, रतन देवागन, शिक्षक केतु चंदेले , केजू लहुरिया, मनोज चंदेले, उमाशंकर देवागन, डोमन पटेल, दीपक मंडावी, सुलोचना तितराम, रामेश्वरी मंडावी, अंजली श्रीवास्तव, रामहीन मंडावी, दुलेश्वरी मंडावी सहित बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन कार्यशाला में ईरा के सरपंच किशोर साहू सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में जिला राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने का अवसर ग्राम पंचायत ईरा के सरपंच किशोर साहू को प्राप्त हुआ। जल जीवन मिशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें कार्यशाला में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही, जहां विभिन्न पंचायतों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा और अनुभव साझा किए गए। ग्राम पंचायत ईरा द्वारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने, पाइपलाइन विस्तार एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में किए



गए प्रयासों की सराहना करते हुए सरपंच किशोर साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच किशोर साहू ने कहा कि यह सम्मान पूरे ग्राम पंचायत, ग्रामीणों तथा संबंधित विभागों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत तथा जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ग्राम पंचायत ईरा में पेयजल व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

# पुलिस लाइन राह के नन्हे तिरंदाजो ने 5 गोल्ड 1 सिल्वर 1 ब्राउन मेडल पर निशाना साधा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पुलिस तथा अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन के द्वार संचलित राह एकेडमी के नन्हें बच्चों ने रायपुर में अयोजित की गाई मिनी राज्य स्त्रीया प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ दर्शन किया तथा 200 से अधिक बच्चों के बीच होने



वाली प्रतियोगिता में राजनांदगांव का नाम रोशन करते हुए उक्त प्रतियोगिता को अपने नाम किया जिसके लिए पुलिस अधीक्षक सु श्री अंकिता शर्मा आर आई श्री लोकेश कसेर अभिलेख अग्रहरि वेल्फ़ेयर फाउंडेशन तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री मनोज चौधरी द्वारा बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकमनाएं दी गई यह बच्चे गुंटूर जिले में आंध्र प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें 1.श्रेया चौरासिया स्वर्ण पदक 2. यशमित सिन्हा स्वर्ण पदक 3.यादव रूद्र यादव स्वर्ण पदक 4.सृष्टि चौरसिया स्वर्ण पदक 5.रेशमी यादव स्वर्ण पदक 6.मोनिका ठाकुर रजत पदक 7 .प्रणव पांडे कांस्य पदक ने अपना नाम किया पुलिस विभाग तथा अभिषेक अग्रहारी वेल फेयरफाउंडेशन के तरफसे निशुलक प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाता है जो लग्भाग 7 वर्ष से संचलित है जिसमें हर वर्ष राष्ट्रीय और राज्य स्तर प्रतियोगिता में कई मेडल अपने नाम का चुके हैं।

# गायत्री प्रीमियर लीग सीजन 3 का भव्य ऑक्शन संपन्न





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नंदई चौक स्थित एवरग्रीन टर्फ में गायत्री प्रीमियर लीग सीजन-3 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत भव्य ऑक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह ऑक्शन विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा शाला के वर्तमान शिक्षकों के बीच सौहार्द्र, शांति एवं सहयोग की भावना को समर्पित रहा। आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ पवित्र मंत्रोच्चारण से हुआ। स्वागत उदबोधन गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन जी द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, अनुशासन, शांति और सहयोग का माध्यम है। इस आयोजन का उद्देश्य नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, सकारात्मक सोच का विकास करना तथा आपसी मेल-जोल बनाए रखना है। कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या जी द्वारा भी सभी को शुभकामनाएँ देते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया गया तत्पश्चात? क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में ऑक्शन की प्रक्रिया आरंभ की गई जिसमें विभिन्न टीमों के लिए खिलाड़ी चयन की प्रक्रिया आरंभ की गई, जिसमें 12 टीम से 11-11 खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आरंभ की गई,



विभिन्न टीमों के लिए खिलाड़ी चयन की प्रक्रिया अत्यंत रोचक एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी अधिक गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। सभी टीमों ने उत्साहपूर्वक अपने खिलाड़ियों का चयन किया। साथ ही आगामी मैचों के लिए अपनी रणनीति प्रस्तुत की। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए सफल एवं सौहार्द्रपूर्ण प्रतियोगिता की कामना की गई। उक्त आयोजन हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, गायत्री परिवार से संजय लड्ढा, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, स्कूल आब्जर्वर श्री अंकित राज व्यास एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# विद्युत दुर्घटनाओं से बचने खम्भे, लाईन एवं ट्रांसफार्मर के निकट न करें होलिका दहन

## राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के बिजली शिकायत केन्द्र होली पर रहेंगे क्रियाशील



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा होलिकोत्सव के पर्व को दृष्गित रखते हुये मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ षिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन न करने एवं रंगों की बौछार ना करने की समझाईश दी गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट द्वारा दी



गई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि होलिकोत्सव पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने वितरण कंपनी के कॉल सेंटर, फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की भांति क्रियाशील रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पॉवर कंपनी के बिजली मितान बॉट वाट्सऐप नंबर 9425551912 पर भी बिजली आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर खराबी एवं बिजली संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं। विद्युत प्रणालियों से छेड़छाड़ अथवा अन्य किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना संबंधी जानकारी उपभोक्तागण तत्काल निकटस्थ विद्युत कार्यालय में देवें। उपभोक्तागण ज्मोर बिजली ऐपच्च् के माध्यम से भी अपने समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। जनसामान्य की सावधानी से किसी भी प्रकार की संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से आसानी से बचा जा सकता है। रंगोत्सव पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान, तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्ता गण राजनांदगांव शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु 5 मार्च को डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के फाग एवं झांकी कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु 5 मार्च को डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित भव्य फाग एवं झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर संबंधित ग्रामों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके निर्धारित दौरा कार्यक्रम में ग्राम बम्हनी, कोकपुर, दर्राबांधा, तेंदुटोला, सांगिनकछार, तिलईरवार, अरसीटोला सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण शामिल है। इन सभी ग्रामों में पारंपरिक फाग गीत, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। फाग उत्सव क्षेत्र की लोकसंस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। होली के बाद आयोजित होने वाले इन आयोजनों में ग्रामीण अंचलों के कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। झांकी प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण एवं अन्य समसामयिक विषयों को भी रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु के आगमन को लेकर आयोजन समितियों द्वारा मंच सज्जा, स्वागत द्वार, ध्वनि व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजाम की व्यापक तैयारियां की गई हैं। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।




**न्यायालय नायब तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202602094800016**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2025-2026
बिचारपुर प.ह.न. 00006 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -रेखा मंडावी,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा मंडावी पिता मन्त्रूराम जाति गोड़ निवासी विचारपुर, ग्राम पंचायत पंडरापानी तहसील- छुरिया, जिला- राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है। अपने स्वयं का जन्म दिनांक 10.01.1988 को ग्राम विचारपुर तहसील छुरिया में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदिका के है कि आवेदिका पालक भूलवश नहीं करा पाये है जिसके फलस्वरूप आवेदिका द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 10.01.1988 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, जिला सांख्यिकी विभाग राजनांदगांव से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति पेश किया गया है। पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 27-02-2026 को स्वयं वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के रश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। 10/04/26

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील

Abdul Vashim Siddiqui
नायब तहसीलदार
छुरिया

nandgaon times march-04-2.qxd 3/3/2026 8:05 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) हाल ही में टायफून कालमाएगी ने किस देश में तट पर दस्तक दी?
2) हाल ही में खबरों में रहा वेस्ट सेती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट किस देश में स्थित है?
3) भारतीय रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजना का नाम क्या है?
4) भारत में साबूदाना और स्टार्च उद्योग का केंद्र माने जाने वाला सलेम किस राज्य में स्थित है?
5) एशा सिंह ने एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कौन सा मेडल जीता?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) फिलीपींस (2) नेपाल (3) वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (4) तमिलनाडु (5) स्वर्ण पदक

# पीएम जनमन योजना: आजादी के बाद पहली बार बिजली से रोशन हुए सुदूर ग्रामों के संरक्षित जनजाति परिवारों के बीच पहुंचे सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक

## बिजली पहुंचने की खुशी में बैगा आदिवासी परिवारों ने एमडी श्री भीम सिंह कंवर के संग खेली होली

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (सीएसपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक एवं छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (क्रेडा) के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंह कंवर ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के एकदिवसीय प्रवास के दौरान सुदूर अंचल साल्हेवारा क्षेत्र के संरक्षित जनजाति परिवारों को पीएम जनमन योजना के तहत प्रदाय किये जा रहे विद्युत कनेक्शनों एवं विद्युत संसाधनों का निरीक्षण किया। आजादी के पहली बार ग्रिड कनेक्टिविटी के अन्तर्गत बिजली पहुंचने पर ग्राम ग्वालगुंडी, सिंगबोरा एवं आमाटोला में बड़े धूमधाम से संरक्षित आदिवासियों के परिवार जनों ने एमडी श्री भीमसिंह कंवर के साथ होली का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर एमडी श्री कंवर ने कहा कि केन्द्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना ने जनजातीय बस्तियों में निवासरत परिवारों की जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। बिजली की जरूरत आज के युग की आधारशीला है, इसके बिना जीवन की परिकल्पना संभव नही है, खासकर जनजाति परिवारों के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में उन्होने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं शाल भेंटकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट, राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर, अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट श्री पोयाम, ईई खैरागढ़ संभाग श्री आलोक दुबे, ईई प्रोजेक्ट संभाग श्री मुकेश कुमार साहू, एई श्री प्रशांत कोड़ापे, श्रीमती किरण जांगड़े सहित अन्य



अधिकारी उपस्थित हुए। पीएम जनमन योजना के तहत, विशेष पिछड़ी जनजातीय बस्तियों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के कार्य से इन ग्रामों के बच्चों, बड़ों एवं बूजुर्गों के आंखो एवं उनके चेहरे का रंग ही सब कुछ बयां कर रही थी। बिजली के आने की खुशी वहां के लोगों का कई दशकों पुराने सपनों साकार हुआ। ग्राम ग्वालगुंडी, सिंगबोरा एवं आमाटोला के रहवासियों ने बताया कि दैनिक जीवन पहले से अधिक सुगम हो गया है। बच्चों के पढ़ाई के बेहतर वातवरणों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी सुविधा में सुधार होगा। गांव में व्यापक स्तर पर छोटे-बड़े व्यापार व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों ने इस कार्य को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि अब पंखा, टीवी, मोबाईल जैसे बुनियादी सुविधाओं सहित आधुनिक युग के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की सबलता मिलेगी। उन्होने जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित की है।

**पीएम जनमन योजना की सौगात ने 31 ग्रामों की बदली तस्वीरः-**

नया सवेरा और वरदान के रूप में पीएम जनमन योजना ने 31 गांवो के 568 परिवारों की जिन्दगी बदल दी। हम बात कर हैं, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के साल्हेवारा क्षेत्र के अत्यंत सघन वनों से घिरे वनग्रामों खम्ही, खर्रा, बंजारपुर, बांधाटोला, बांसबीरा, बंसतपुर, बैगा साल्हेवारा, बगारझोला, मरकाटोला, मुरूम, हाथीझोलाकला, भथली, पण्डरीपानी, परसाही, रेंगाखार, संमुदपानी, समनापुर, सरईपतेरा, सरोधी, सुकतरा, डोलीपिट्टा, दरबानटोला, छुहिरी, तरफमंजली, तुमड़ादाह, नवागांव, गातापार, गोलारडीह, गेरूखदान, लालपुर एवं धोधा जहां देश के आजादी के 75 सालों तक बिजली नहीं पहुंच पाई थी। जिला प्रशासन, वन विभाग एवं बिजली विभाग की निरंतर प्रयासों के कारण पीएम जनमन योजना के तहत 01 करोड़ 02 लाख 53 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया गया है। इन ग्रामों के विद्युतीकरण के लिए कुल 4.44 कि.मी. 11 के.व्ही.लाईन, 11 के.व्ही. डीपी 06 नग, 10 कि0मी0 निम्नदाब केबल लाइन एवं 07 नग वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इन ग्रामों में निवासरत 568 परिवारों का जीवन पारंपरिक बिजली की रोशनी से वंचित था। एक तरह से यहां के ग्रामीण लालटेन व चिमनी के सहारे अपनी दिनचर्या व्यतीत कर रहे थे। इन ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए कुशल विद्युत कर्मियों द्वारा पूर्ण किया गया।

# क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की फोटो को किया नजरअंदाज

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत दर्री एवं बेन्दरकट्टा में 10-10 लाख रुपये की लागत से




नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय विवादों में आ गया है। तथाकथित निर्माणकर्ताओं ने यात्री प्रतीक्षालय के साइन बोर्ड में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज कर दिया है। आलम ये है कि सत्तापक्ष से जुड़ी जनप्रतिनिधि की फोटो से परहेज करते हुए प्रोटोकॉल का भी उल्लंघन कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत क्षेत्र के दर्री व बेंदरकट्टा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से 10-10 लाख स्वीकृत हुए हैं। उक्त नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय के साइन बोर्ड में प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष पाण्डेय की फोटो को जरूर वरीयता दी गई है। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों मे सिर्फ जिपंसदस्य जागृति यदु व स्थानीय सरपंच को ही जगह दी गई है। इसके विपरीत स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजिता पड़ौती सहित जनपद सदस्य हरिला साहू को नजर अंदाज कर दिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों मे सत्तापक्ष जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती एवं जनपद सदस्य हरिला साहू की फोटो नहीं होने से ग्रामीणों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। हालांकि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत होने से सरपंच की फोटो लगाई गई है, लेकिन प्रोटोकॉल में बड़े विधायक, जनपद अध्यक्ष व जनपद सदस्य की फोटो को नजर अंदाज किए जाने से मामला आगामी दिनों किसी बड़े विवाद में तब्दील हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में हुए विकास कार्यों में उनकी भी सहभागिता और भूमिका रही है, ऐसे में साइन बोर्ड से उनका नाम और फोटो को स्थान नहीं मिलना राजनैतिक षड्यंत्र प्रतीत हो रहा है। निर्माणकर्ताओं को राजनैतिक द्वेष को त्यागकर सार्वजनिक स्थलों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को तवज्जो देना चाहिए। बहरहाल इस विषय को लेकर क्षेत्र की राजनैतिक फिज़ा में गर्माहट आ गई है। विधायक के सम्मान की अनदेखी अनुचित है। निर्माणकर्ता के खिलाफ शिकायत करेंगे।

# जिला पुलिस कार्यालय में जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## होली पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के नेतृत्व में, अनुविभागीय अधिकारी अम्बागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान, अनुविभागीय अधिकारी मानपुर विनोद मिंज साइबर सेल प्रभारी राजीव तिवारी,रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, जिला विशेष शाखा प्रभारी शंकर बर्वे की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समाज प्रमुख, ग्राम पटेल एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान होली पर्व को शांति,



सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। रंग-गुलाल खेलते समय किसी पर जबरन रंग न लगाने, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने तथा आपसी विवादों से बचने की समझाइश दी गई। सभी नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। जिला पुलिस द्वारा पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सतत पेट्रोलिंग एवं निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि आमजन सुरक्षित एवं निर्भीक होकर त्यौहार मना सकें।

# होली पर हुड़दंगियों को चेतावनी, 24 गुंडा बदमाशों की डोंगरगांव थाने में परेड

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण



ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्ती के संकेत दे दिए हैं। सोमवार को डोंगरगांव, घुमका और गेंदाटोला थानों के 24 चिन्हित गुंडा-बदमाशों को थाने में तलब कर उनकी परेड कराई गई। एसडीओपी मंजूलता बाज ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीनों थानों में आरोपियों को कड़ी समझाइश दी गई और भविष्य में अपराध न करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने दो टूक कहा कि माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सीधे सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों की तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा 2 एसओ और 8 कांस्टेबलों का अतिरिक्त बल भी मुस्तैद रहेगा।

# शहर के विभिन्न वाडों में आयोजित फाग महोत्सव में पहुँच महापौर मधुसूदन

## महापौर ने शहर विकास के लिये सीएम, डॉ0 साहब, नगरीय प्रशासन मंत्री, प्रभारी मंत्री एवं सांसद का आभार व्यक्त किया

**राजनांदगॉव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न वार्ड में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल होकर जनता एवं वार्डवासियों का उत्साहवर्धन किया एवं उनकी खुशियों बॉटी। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर महापौर मोतीपुर, नया ढाबा, बजरंगपुर नवागॉव, शंकरनगर के फाग महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर ने लोगों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाऍ दी और जनता ने भी महापौर मधुसूदन को रंग गुलाल लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर अपने वार्डो में आत्मीय स्वागत किया । इस दौरान महापौर मधुसूदन ने शहर में विभिन्न वार्डो में विकास एवं निर्माण कार्यो की घोषणा करते हुए शहर के विकास के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगॉव विधायक डॉ0 रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजनांगॉव गजेन्द्र यादव सहित राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डेय का आभार



व्यक्त किया। इस दौरान महापौर ने जनता से शहर में, अपने वार्ड, पारा-मोहल्ला एवं मार्गो पर स्वच्छता बनाये रखने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने से बचने एवं सूखा तथा गीला कचरा के समुंचित निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया। महापौर सबसे पहले प्रयागराज धाम, आजादचौक मोतीपुर में आयोजित दो दिवसीय फाग महोत्सव में शामिल हुए जहॉ आयोजन समिति रोहित यादव, आकाश यादव, प्रवीण यादव, अजय यादव, सूरज साहू, राकेश देवांगन, विनय वर्मा, गोपाल साहू, रिंकू जंघेल, सुदेश नामदेवे, लल्ला वैध एवं साथियों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर वार्ड नं.02 शंकरनगर में आदर्श युवा फाग समिति के आयोजन में शामिल हुए जिसके बाद पूर्व सांसद मधुसूदन ने नया ढाबा वार्ड नं. 04 में आयोजित दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। यहॉ वार्डवासियों के अनुरोध पर महापौर ने ओव्हरहैड पानी टंकी निर्माण की घोषणा की। महापौर ने देर शाम बजरंगपुर नवागॉव में आयोजित फाग प्रतियोगिता में भी पहुॅचकर जनता के साथ होली पर्व की खुशियॉ बॉटी। महापौर ने यहॉ वार्डवासियों के निवेदन पर शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर के उन्नयन की घोषणा की जिसपर वार्डवासियों ने महापौर को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता प्रकट की।

## धर्म समाचार....

# भेदभाव को मिटाने वाला पर्व है होली

अरविन्द तिवारी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स) । होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला हिंदू धर्म के मुख्य त्यौहारों में से एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्यौहार है जिसे हर धर्म में मनाया जाता है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्यौहार है जो आज विश्वभर में उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाने लगा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि के अगली सुबह यानि कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को होली मनायी जाती है जबकि पूर्णिमा को होलिका दहन होता है। इस पर्व को देश भर में बेहद धूमधाम के साथ मनाया जाता है। होली को कई जगह धुलेंदी भी कहा जाता है। मथुरा-वृंदावन और ब्रज में जिस तरह से होली मनाई जाती है वो देश भर में नामी है। होली में लोग घरों में तरह तरह के पकवान बनाते हैं। होली वाले दिन लोग एक-दूसरे के घर जाकर रंग लगाकर होली की शुभकामनायें देते हैं। रंग और प्रेम का त्यौहार होली पुराने गिले-शिकवों को भुलाकर एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाते हुये बधाई का दिन है। होली खेलने के बाद दोपहर में लजीज व्यंजनों का आनंद लिया जाता है। प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को देश के अलावा विदेशों में भी नई उमंग और खुशियों के साथ मनाया जाने वाला होली का यह पर्व असत?य पर सत?य की जीत का प्रतीक और भेदभाव को मिटाने वाला पर्व है। भारत में अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न तरीके से होली का पर्व मनाया जाता है। चूंकि यह प्रसंग राधा-कृष्ण से जुड़ा हुआ माना जाता है इसलिये मथुरा ङ्क वृंदावन



और बरसाने में इस पर्व की शोभा देखने लायक होती है। यहां पर होली काफी दिन पहले ही शुरू हो जाती है। जिसमें अलग-अलग तरीकों से होली मनायी जाती है। कहीं लट्ठमार होली तो कहीं फूलों से भी होली खेली जाती है। इसके अलावा हमारे देश में विविध ढंग से होली मनायी और खेली जाती है। जैसे कि कुमाऊं की बैठकी होली , बंगाल की दोल-जात्रा , महाराष्ट्र की रंगपंचमी , गोवा का शिमगो , हरियाणा के धुलंडी में भाभियों द्वारा देवरों की फजीहत , पंजाब का होला-मोहल्ला , तमिलनाडु का कमन पोडिगई , मणिपुर का याओसांग , एमपी मालवा के आदिवासियों का भगोरिया आदि। लेकिन ब्रजभूमि की होली; विशेषकर बरसाने की लट्ठमार होली तो पूरी दुनियां में प्रसिद्ध है।

**इन रंगों से होली खेलना शुभ**

वैसे तो लोग किसी भी रंग से होली खेलते देखे जा सकते हैं। लेकिन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धन के लिये गुलाबी रंग से होली खेलना चाहिये। वहीं स्वास्थ्य के लिये लाल रंग से , शिक्षा के लिये पीले रंग या चन्दन से , शीघ्र विवाह या वैवाहिक बाधाओं के लिये गुलाबी और हरे रंग से , केरियर के लिये हलके नीले से रंग से होली खेलनी चाहिये।

**होली की शुरुआत**

माना जाता है कि अबीर और गुलाल से होली खेलने का रिवाज बहुत पुराना है। पौराणिक कथाओं अनुसार रंग-गुलाल की यह परंपरा राधा और कृष्ण से शुरु हुई थी। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण बाल उम्र में माता यशोदा से अपने सांवले रंग की शिकायत किया करते थे। वे कहते थे कि मां राधा इतनी सुंदर और गोरी है और मैं इतना काला क?यों हूं? माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष?ण को प्रसन्न करने के लिये सुझाव दिया कि वह राधा को जिस रंग में देखना चाहते हैं उसी रंग से राधा को रंग दें। भगवान श्रीकृष?ण को अपनी माता का ये सुझाव पसंद आया। स्वभाव से चंचल और नटखट श्री कृष्ण ने राधा को कई रंगों से रंग दिया और श्री अपने मित्रों के साथ उन्होंने गोपियों को भी जमकर रंग लगाया। माना जाता है कि इसी दिन से होली पर रंग खेलने की परंपरा शुरु हो गई।

**पौराणिक कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यप स्वयं को परमशक्तिशाली मानता था। इसी वजह से उसने अपनी प्रजा को आदेश दिया था कि वे किसी भगवान की पूजा नहीं करेंगे , वही उनका भगवान है। लेकिन हिरण्यकश्यप का बेटा प्रह्लाद नारायण का परम भक्त था। वह हर समय श्री हरि का नाम जपता रहता था। अपने बेटे को भगवान की भक्ति में लीन देखकर हिरण्यकश्यप क्रोध से लाल हो जाता था। उसने कई बार बेटे को प्रभु की भक्ति से हटाने के प्रयास किया , लेकिन प्रह्लाद तो हर पल श्रीहरि में ही लीन रहता था। कई प्रकार से प्रहलाद को मारने की योजनाओं में असफल होने पर हिरण्यकश्यप ने हारकर अपनी बहन होलिका से मदद मांगी और होलिका से प्रह्लाद को अग्नि में लेकर बैठने को कहा जिससे प्रह्लाद उसमें जलकर भस्म हो जाये। दरअसल हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को एक वरदान प्राप्त था जिसकी वजह से अग्नि उसे छू भी नहीं सकती थी। होलिका अग्नि में प्रह्लाद को गोद में लेकर बैठ गई , लेकिन प्रह्लाद की भक्ति की विजय हुई और उस अग्नि में होलिका ही जलकर भस्म हो गई और हरि भक्त प्रह्लाद का बाल भी बांका ना हुआ। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक इसी कहानी को कहा जाता आ रहा है और होली के समय इसे याद किया जाता है।

nandgaon times march-04-2.qxd 3/3/2026 8:06 PM Page 4





# प्यार का रंग, यारी का रंग, खुशियों का रंग, यही है असली होली का रंग





# बुरा ना मानो, होली है!




































प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com